more info at https://danieljmeyer.com

A.K.A.

दानिएल जे. मेयर

प्रस्तुत अनुवाद इंस्टीटूट रामोन ल्युल संस्थान के सहयोग से किया गया है।

©Daniel J. Meyer /To request foreign right of any play and/or translations write an email to marmontavez@deartecheagency.com

©Daniel J. Meyer /To request foreign right of any play and/or translations write an email to marmontavez@deartecheagency.com

more info at https://danieljmeyer.com

विषय सूची

प्रस्तावना 8
लेखक की टिप्पणी.. 11
अनुवादक की कलम से 12
आभार 13
चरित्र एवं कलाकार 14
कलात्मक व तकनीकी विवरण 15
दृश्य I 16
दृश्य II 19
दृश्य III 21
दृश्य IV 30
दृश्य V 36
दृश्य VI 39
दृश्य VII 42
दृश्य VIII 46
दृश्य IX 48
दृश्य X 50
दृश्य XI 54
दृश्य XII 57
दृश्य XIII 58
दृश्य XIV 66
दृश्य XV 69

©Daniel J. Meyer /To request foreign right of any play and/or translations write an email to marmontavez@deartecheagency.com

प्रस्तावना

मैंने सिर उठाए बिना यह पूरा नाटक पढ़ा । और बस अंत तक पढता ही गया, छाती में एक दर्द सा था जिसने मुझे एकदम से एहसास दिया कि मैं इसका हिस्सा बनना चाहता हूँ क्योंकि मुझे लगा कि मैं इन शब्दों के माध्यम से लोगों को अपने मन की बात समझा सकता हूँ। इस लेखनी ने मुझे बिना सोचे-समझे लेखक के प्रस्ताव का हाँ में जवाब देने पर मजबूर कर दिया था ।

दानी खुले दिल से लिखता है, बिना रुके, जैसे काम करता है और रहता है; जो कुछ भी कहता है आप उसके अंदर तक देख सकते हैं क्योंकि यह इसे अपनी लेखनी के रूप में नहीं छिपाता। वह जैसे बम गिरा कर रास्ता बनाता जाता है जिस पर वह तुम्हें ले जाना चाहता है, और वह अच्छी तरह जानता है कि यह कैसे करना है। "मैंने इसे एक रात में लिखा था," वह कबूल करता है, "और आपको लगेगा जैसे यह बहुत खराब तरीके से लिखा गया है या फिर इसमें बहुत कुछ काम करना अभी बाकी है ..."। उसने इसे एक रात में टाइप किया, लेकिन वह नाटक के नायक कार्लोस और उसकी स्थितियों को अच्छी तरह जानता है। आप यह रचना पढ़के महसूस कर सकते हैं कि लेखक लंबे समय से इस विषय के बारे में सोचता रहा है, चिंता करता रहा है।

और मैं, वहीँ रहता हूँ जहाँ मैं पैदा हुआ था और जहां मेरे माता-पिता और दादा-दादी पैदा हुए थे, जिन्होंने कभी भी मेरे जन्म पर सवाल उठाने या मेरे लिए यह तय करने का फैसला नहीं किया कि मैं किस से या कहाँ से संबंधित हूँ। मैं बस काँप रहा था। हम सभी कभी न कभी हैरान से सोचते हैं: मैं कौन हूँ? मैं क्या बनना चाहता हूँ? दूसरे मुझे कैसे देखते हैं और क्या मुझे समझते हैं ? मैं समाज के किस हिस्से का हूँ? क्या मैंने इसे चुना है? अगर मैं चाहूँ तो क्या मैं इसे बदल सकता हूँ ?

और फिर चाहे मैं अपने आप से पूछूँ, खुद में उन सवालों के वो अनसुने जवाब ढूँढूँ जो मुझे दूसरों के मन में परिभाषित करते हैं, और मैं चाहे उनसे सहमत हूँ या नहीं, वो मेरी नींव या मेरी जड़ें नहीं हिलाते । क्योंकि "मैं यहाँ से हूँ, मैं खुद को यहाँ का महसूस करता हूँ", जैसा कि नायक दावा करता है, और इसमें किसी को संदेह नहीं है; लेकिन कार्लोस का एक अतीत है जो उसे याद भी नहीं है, लेकिन वह जीवन के इस छोटे से हिस्से पर अपना प्रभाव छोड़ेगा जो दानी हमें इतनी अच्छी तरह से इस रचना में बताता है, और वह हमेशा के लिए उसका देखने का नजरिया बदल देगा।

©Daniel J. Meyer /To request foreign right of any play and/or translations write an email to marmontavez@deartecheagency.com

हर एक किरदार और स्थिति के संदर्भ को अच्छी तरह से तैयार किया जाना चाहिए, क्योंकि यही जो कुछ हो रहा है उस सब का एक रेखाचित्र सा खींचता है, जो हमारे सामने लाता है एक चरित्र जो एक दोराहे पर जूझता खड़ा है संदेहों, संवेदनाओं, परिवर्तनों से, उन पहली बारों से, रिश्तों से ज़रूरतों से, खासकर उस समय, जब उसे खुद को पहचानना है, एक लेबल सा लगाने के लिए उस सबको जिससे हम संबंधित हैं।

कार्लोस एक प्यारा सा लड़का है, और अल्बर्ट सालाज़ार, जो हमारे रूपांतरण में इस को प्रस्तुत करते हैं, ने उसकी ज़िम्मेदारी लेते हुए और उसे समझकर चरित्र को जीवंत किया है। अल्बर्ट और कार्लोस; कार्लोस और अल्बर्ट, इस भूमिका में एक में दो। अल्बर्ट दर्शकों के साथ खेलता है; कार्लोस हमें अपनी कहानी बताता है। कार्लोस नृत्य करता है और अल्बर्ट इसे कुशलता से अंजाम देता है । एक निर्देशक को और क्या चाहिए - एक ऐसी रचना जो उसे प्रेरित करे, एक लेखक जो किसी भी बदलाव या प्रस्ताव के लिए प्रस्तुत है और एक अभिनेता जो दृश्य में जीता है और खुद को मेरी और उसकी भावनाओं में खींचे लिया जाता है, जो सुनता है और जो ढूंढता है, जो बार बार जोखिम लेता है।

धन्यवाद, दानी जे. मेयर, मुझे अपनी रचना उधार देने के लिए, और अल्बर्ट को धन्यवाद खुद को इस कहानी में डुबो देने केलिए, अपनी सारी प्रतिभा को इस खूबसूरत चरित्र में सराबोर करने के लिए जिसने हम तीनो का दिल चुरा लिया है।

क्लारा, सर्खियो, रोजर और एली के महान व्यावसायिकता और सबसे बढ़कर, उनके मानवीय गुणों के कारण, उसी प्रोडक्शन कंपनी के साथ साला फ्लाईहार्ड में प्रीमियर एक लक्जरी रहा है।

धन्यवाद !

मोंटसे रोड्रिगेज क्लूसेला

©Daniel J. Meyer /To request foreign right of any play and/or translations write an email to marmontavez@dearteche agency.com

more info at https://danieljmeyer.com

लेखक की टिप्पणी

विभिन्न सामाजिक/सांस्कृतिक वास्तविकताओं के अनुकूल अनुवाद के लिए

A.K.A एक विशिष्ट सांस्कृतिक / सामाजिक वास्तविकता में लिखा गया है, जिसमें नाम, शब्द "मूर", चरित्र की उत्पत्ति, माता और पिता, एक विशिष्ट पहचान को दर्शाते हैं। साथ ही भाषाओं (अपने मूल में कातालान और स्पेनिश) और भाषाई स्तरों के मिश्रण का एक ही आयाम है.
इसलिए एक लेखक के रूप में, मुझे लगता है कि यह स्पष्ट करना सुविधाजनक है कि इस नाटक का अनुवाद करने के लिए इन विशिष्टताओं को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है।

1. कार्लोस:

- नाम में एक सार्वभौमिक चरित्र होना चाहिए; उस संस्कृति के लिए एक कालातीत और सामान्य नाम जिसमें इसका प्रतिनिधित्व किया जा रहा है
- वह जिस समाज में रहता है, उसमें जटिल पहचान और अन्यता जो वह मानता है, वह काम का मूल है

2. मोरो: स्पेन में इस शब्द का एक तरल अर्थ है, जो न केवल उत्तरी अफ्रीका के व्यक्ति को निर्दिष्ट करता है, बल्कि "ऐसी जगह से कोई भी व्यक्ति है जहाँ यह माना जाता है कि वे अरबी बोलते हैं"। इसलिए अफगानिस्तान के एक व्यक्ति को शायद वह भी कहा जा सकता है। इसका एक अपमानजनक स्वर है, लेकिन यह उसके कहने के संदर्भ पर बहुत कुछ निर्भर करता है, और इसे कौन कहता है, और उसके स्वर के, उसकी आक्रामकता या अवमानना के स्तर पर भी निर्भर करता है

3. पिता और माता:

\- माँ उच्च सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आती हैं। वह एक मजबूत, भावनात्मक महिला है जिसने अवैध रूप से बच्चे को गोद लिया है क्योंकि वह उससे बहुत प्यार करती है। वह एक सशक्त महिला है जो घर पर ही रहती है और सब की देख भाल करती है।

\- पिता एक अधिक ठहरे हुए व्यक्ति है। माँ की तुलना में कम भावनात्मक व सरल हैं, और कम चिंतनशील पारिवारिक पृष्ठभूमि से हैं ।

4. क्लाउडिया: यह नाम पहले से ही इंगित करता है की वह एक अमीर इलाके में रहती है और अच्छे घराने से सम्भन्ध रखती है. ; "एक अच्छी लड़की"।

अंत में, अनुवादक और / या एडॉप्टर को हमेशा इसे आने सामाजिक सांस्कृतिक परिपेक्ष के अनुसार (लेकिन लेखक के साथ समझौते में) बदलाव करने की स्वतंत्रता है, इस बात को ध्यान में रखते हुए कि विषयगत धुरी या केंद्र हमेशा वह खेल है जो हमारे चरित्रों - कार्लोस, माता, पिता, क्लाउडिया और दोस्तों की पहचान- के पूर्वाग्रहों के स्तर पर खेला जा रहा है ।

दानिएल जे. मेयर

©Daniel J. Meyer /To request foreign right of any play and/or translations write an email to marmontavez@deartecheagency.com

more info at https://danieljmeyer.com

अनुवादक की कलम से

A.K.A. का अनुवाद करना अपने आप में एक नया ही आभास रहा है मेरे लिए। इसलिए नहीं की इसमें पहलू थे, बल्कि लेखक ने हम सब के सामने जो सेटिंग प्रस्तुत की है, उसके कारण, जोकि वास्तव में, मैं कहूंगी कि यह एक विश्वव्यापी एक नए ही तौर तरीके का हिस्सा है।

सबसे दिलचस्प पहलू था इस नाटक में सांस्कृतिक गूँज की विविधता के साथ साथ उन्हीं सब सांस्कृतिक और धार्मिक संघर्षों का प्रतिबिम्ब मिलना जो इन गए सालों में सारे विश्व में और खास तौर पर भारत में देखने को मिल रहा है।

लेकिन मेरे लिए सितारा वह युवा कठबोली है जिसका लेखक ने उपयोग किया है, कुछ ऐसा जो मुझे खोज के एक नए रास्ते पर ले गया, एक ऐसी पीढ़ी का हिस्सा होने के नाते जिसे लड़कियों और महिलाओं के लिए इस तरह के शब्दों का उपयोग करने से मना था। मेरे परिवार और सहकर्मियों ने मुझे इनमें से कुछ अभिव्यक्तियों के सटीक तरीके खोजने में मदद की और जो कुछ बहुत ही मजेदार बैठकों के कारण बने।

डा. अलका जसपाल

©Daniel J. Meyer /To request foreign right of any play and/or translations write an email to marmontavez@deartecheagency.com

more info at https://danieljmeyer.com

आभार

A.K.A, एक नाटक है, एक प्रोजेक्ट है जिसने मुझे तराशा है और मुझे बेहद खुशी **दी** है। और यह खुशी केवल उन लोगों के कारण है जो मुझसे प्यार करते हैं, मेरा समर्थन करते हैं और मेरी मदद करते हैं।

प्यार और सम्मान के साथ हमेशा मेरे साथ रहने के लिए धन्यवाद दानी। मन से अभी भी बच्चा हूँ यह याद दिलाने के लिए धन्यवाद बार्टोक।

हमेशा मेरा साथ देने और मुझे बिना शर्त प्यार करने के लिए **सारे** परिवार (माँ, पिताजी, कारो और चाचा) का धन्यवाद।

हंसने, रोने, नाचने, पीने और एक साथ कुछ भी करने के लिए हमेशा धन्यवाद दोस्तों, लेकिन हमेशा मिलीभगत से धन्यवाद मोंटेसे और अल्बर्ट, इस परियोजना को एक साथ उठाने के लिए और ... होने के लिए।

इसे एक साथ बनाने के लिए सभी आर्टिस्टिक टीम को धन्यवाद।
"फ्लाईहार्ड्स" (एली भी) को परियोजना को बढ़ावा देने के लिए धन्यवाद, इस काम को स्पेनिश में प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद कोंचिता, और एडिसियोन्स एंटिगोना।

इस सुंदर चित्रण के लिए और आपके सच्चे स्नेह के लिए धन्यवाद इवान लाबांडा।
हम सभी को एक साथ लाने और इतना सुंदर लोगो बनाने के लिए क्विम एविला का धन्यवाद।

सभी को धन्यवाद, जिन्होंने किसी तरह इसे बड़ा और कहीं न कहीं एक आस का सूचक बनाने में मदद की।
संक्षेप में ... A.K.A से, मैं केवल धन्यवाद कह सकता हूँ ।

©Daniel J. Meyer /To request foreign right of any play and/or translations write an email to marmontavez@deartecheagency.com

more info at https://danieljmeyer.com

चरित्र एवं कलाकार

कार्लोस (16 से 25 वर्ष के बीच)

कुछ शब्द पढ़ने और मंचन के लिए

इस रचना का मंचन कातालोनिया में करने की कल्पना की गई थी, इसलिए स्पैनिश और कातालान का उपयोग इस रचना में वैकल्पिक रूप से किया गया समाज में मौजूद विभिन्न आवाजों के विशिष्ट मुहावरेदार ढंगों के प्रतिबिंब के रूप में। स्पैनिश या किसी अन्य भाषा में पूर्ण मंचन भी उन्हीं अभिव्यक्तियों और विशिष्टताओं को संरक्षित करने के लिए होना चाहिए।

खाली रेखाएं मौन को इंगित करतीं हैं या कि रचना का चरित्र एक प्रश्न सुन रहा है जिसका उत्तर वह अगली पंक्ति में देता है।

अनुप्रस्थ रेखाएँ अस्थायी या सन्नाटे को चिह्नित करती हैं जो निर्देशक के मानदंडों के अनुसार मंच पर दिखाई देंगी।

मंचन- यह अनुशंसा की जाती है कि अभिनेता दर्शकों से घिरा हो; कम से कम दो या तीन घेरों में.

©Daniel J. Meyer /To request foreign right of any play and/or translations write an email to marmontavez@deartecheagency.com

more info at https://danieljmeyer.com

कलात्मक और तकनीकी विवरण

ए.के.ए. का प्रीमियर 9 फरवरी, 2018 को ल'अटलांटिडा डी विक, बार्सिलोना में हुआ। आधिकारिक प्रीमियर 16 मार्च, 2018 को बार्सिलोना के साला फ्लाईहार्ड में हुआ और 14 दिसंबर, 2018 को **तेयात्रो लियूरे** में और 1 मार्च, 2019 को ला विलारोएल में, 7 नवंबर, 2019 को **तेयात्रो** मैड्रिड एबे में फिर से प्रीमियर हुआ। **इसका स्पेनिश दौरा जारी है** और इसका मंचन दक्षिण अमेरिका में भी किया गया है (टिम्ब्रे 4- अर्जेंटीना, साला वर्डी- उरुग्वे, फ्रेंच एलायंस- पेरू)

कलाकार

कार्लोस - अल्बर्ट सालाज़ार

निर्देशन - मोंट्से रोड्रिग्ज क्लूसेला
सहायक निदेशक - डैनियल जे. मेयर
कोरियोग्राफी - गुइल विडाल-रिवास

पहला मंचन

प्रकाश व्यवस्था - ज़ावी गार्डेसो
ध्वनि - खावीगार्डेस और डैनियल जे. मेयर
मंच कल्पना - आना तंतुल
सामाजिक नेटवर्क - डेनियल जे. मेयर और एलिसेंडा रीरा फ़ोटोग्राफ़ी - आगता कसानोवास / रोज़र ब्लैंच पोस्टर डिज़ाइन - रोज़र ब्लैंच और क्विम एविला डिस्ट्रीब्यूशन - एलिसेंडा रीरा
पहली प्रस्तुति - साला फ्लाईहार्ड

©Daniel J. Meyer /To request foreign right of any play and/or translations write an email to marmontavez@deartecheagency.com

more info at https://danieljmeyer.com

दृश्य।

कार्लोस, नायक, संभवतः दर्शकों के बीच बैठा है।

-कार्लोस, मेरा नाम कार्लोस है।" - पता नहीं।

-मुझे नहीं पता। लिट्रेचर की टीचर ने मुझे आने को कहा। तो बैठा हूँ. ...

- नहीं पता। बता तो दिया!
-"नहीं, बात करने का मन नहीं है।"
-"हाँ, गुस्से में हूँ।"
-"क्योंकि नहीं होना चाहिए यहाँ मुझे।" मै ठीक हूँ।

(*आम जनता के से*) मैं गुस्से में हूँ। लेकिन यह थोड़ी देर के लिए ही है ये। मैं बहुत गुस्सैल बंदा नहीं हूँ। एक ही ज़िन्दगी है और बस मज़े लेने हैं। नहीं, बिड्डू ? (*दर्शकों में से एक के लिए*) क्या मस्त हेयर स्टाइल है ! बहुत खुशमिजाज बंदा हूँ मैं। पंद्रह साल का हूँ और मैं किसी भी चीज के बारे में ज्यादा शिकायत नहीं कर सकता। मेरा घर बस ठीक ठाक ही है और मेरे मम्मी पापा ... सभी बूढ़े लोगों की तरह सनकी हैं, लेकिन कभी-कभी बहुत ही दिमाग खाते हैं।

मैं स्कूल जाता हूँ, ऊब जाता हूँ और फिर घर चला जाता हूँ। फिर, कभी-कभी अपने दोस्तों के साथ या तो घूमने पार्क में के लिए चला जाता हूँ या फिर मैथ्स की टीचर का दिया होमवर्क करता हूँ। एक मैथ्स की टीचर ही हमेशा होमवर्क देती है। बाकि या तो बोलती रहती हैं या फिर देतीं ही नहीं। कई तो कुछ दिनों से देना ही नहीं चाहतीं . . . मेरे लिए भी सही है ये। सही में क्लास में कुछ ऐसे भी हैं जो बहुत ही गड़बड़ करते हैं और... बस वो इग्नोर करतीं हैं सब। सही है। बेचारे।

मैं पढ़ने में ठीक ठाक ही हूँ। फिसिकल एजुकेशन को छोड़कर, वो तो, बस ... pff ... दौड़ना और खेलना ... pfff, सिरदर्द है। दौड़ना और पसीना आना मुझे ज्यादा अच्छा नहीं लगता , और ... मैं बस ऐसे ही ठीक हूँ, (*दर्शकों में किसी से*) या नहीं?

फ़ुटबॉल खेलना सही लगता है, पर बहुत देर तक नहीं; और फिसिकल एजुकेशन के पीरियड में तो और भी नहीं। हमें ऐसी वर्दी पहननी पड़ती है जो pff ... (*वह अपनी उंगली नीचे करके इशारा करता है।*)

©Daniel J. Meyer /To request foreign right of any play and/or translations write an email to marmontavez@deartecheagency.com